दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता
लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए स्थानीय संपादक इफ्तेखार उद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9977442619
9425442435



डाक पंजीयन क्रमांक मप्र/भोपाल/39/21-23 RNI. No.MPHIN/2005/24545

# राष्ट्रीय जनवक्ता

राजगढ़ जिले का प्रमुख दैनिक समाचार पत्र

दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता
लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए उप संपादक कमरूउद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9340636911
9425442435
आनंद एक्सीलेंस कॉलेज के सामने, वार्ड नं. 2, ब्यावरा (राजगढ़) मप्र

वर्ष-21 अंक- 328 ( सांध्य दैनिक ) राजगढ़, शुक्रवार 06 जून 2025 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रूपया



## भारत से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक जताई जा रही है प्रलय की आशंका!

**कैनबरा (एजेंसी)।** मंगल पर शुक्र पर रिसर्च करने वाली दुनिया आज भी विज्ञान और अंधविश्वास के बीच उलझी हुई है। विज्ञान की दुनिया भले ही चांद के पार जा चुकी है, लेकिन अंधविश्वास की पूंछ अभी भी फंसी हुई है। इस हफ्ते दो घटनाओं ने प्रलय की आशंकाओं को जन्म दे दिया है। गहरे समुद्र में पाई जाने वाली दुर्लभ ओरफिश, जिसे 'प्रलय मछली' का उपनाम दिया गया है, उसे भारत के तमिलनाडु और तस्मानिया के समुद्र तटों पर देखा गया है। ये समुद्र से निकलकर तट पर आ गई है। प्राचीन किंवदंतियों और कुछ संस्कृतियों का मानना है कि ओरफिश प्राकृतिक आपदाओं का अग्रदूत होती हैं। ओअरफिश को दुनिया की सबसे लंबी हड्डी वाली मछली माना जाता है। इसकी लंबाई 8 फीट से ज्यादा हो सकती है और ये मछलियां आमतौर पर समुद्र की गहराई में 150 से 1000 मीटर तक पाई जाती हैं। ये सतह पर बहुत कम ही दिखाई देती हैं। इनकी चांदी जैसी चमकदार त्वचा और लाल रंग की पंखनुमा संरचना इन्हें और भी रहस्यमय बनाती है। चांदी जैसी रंग वाली मछलियों को राक्षसी मछली भी कहा जाता है। इस मछली को लेकर दुनिया के कई हिस्से में अलग अलग कहानियां प्रचलित हैं। ओरफिश दुनिया की सबसे लंबी बोनी मछली प्रजातियों में से एक है। हाल ही में, भारत के तमिलनाडु और ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में दो विशाल और दुर्लभ ओरफिश समुद्र तटों पर बहकर आई। इन घटनाओं ने न सिर्फ स्थानीय समुदायों में उत्सुकता और चिंता पैदा की, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अंधविश्वास और वैज्ञानिक जिज्ञासा को जन्म दिया। तमिलनाडु में मछुआरों ने इस हफ्ते की शुरुआत में पानी से 30 फीट लंबी एक बड़ी ओरफिश निकाली। लाल शिखा के साथ चमकती चांदी जैसी दिखने वाली यह मछली इतनी बड़ी थी कि इसे संभालने के लिए आधा दर्जन लोगों की जरूरत पड़ी। दर्शकों ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करनी शुरू कर दी, जिसमें इस जीव को 'प्रलय मछली' कहा गया है, जो भूकंप या सुनामी की अशुभ भविष्यवाणियों से जुड़ा हुआ है। इसके कुछ समय बाद तस्मानिया के पश्चिमी तट पर ओशन बीच पर एक और ओरफिश देखी गई। इसे देखने वाले ने कहा कि मुझे बस इतना पता था कि यह कुछ असामान्य और अजीब है। सिबिल रॉबर्टसन नाम के चश्मदीद ने डेली मेल को बताया कि मैं देख सकता था कि यह एक लंबी मछली थी।

- **तट पर आई 'राक्षसी मछली', अंधविश्वास और विज्ञान में फंसी दुनिया**

## पूर्वोत्तर में बाढ़ और लैंडस्लाइड से और ज्यादा बिगड़े हालात

- 11 दिन में 49 लोगों की मौत, लाखों लोग घर से हुए बेघर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार बारिश से बाढ़ और लैंडस्लाइड की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। असम में बुधवार को बाढ़ में दो और लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही 24 मई को मानसून आने के बाद से राज्य में अब तक 19 लोगों की जान गई है। 21 जिलों में 6.8 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।



अरुणाचल प्रदेश में अब तक 12 लोगों की जान गई है, जबकि दो लोग लापता हैं। उनकी तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। पिछले 11 दिनों में पूर्वोत्तर राज्यों में कुल 49 लोगों की जान जा चुकी है। इसमें असम में 19, अरुणाचल प्रदेश में 12, मेघालय और मिजोरम में 6-6, सिक्किम में 3, त्रिपुरा में 2 और नगालैंड में एक व्यक्ति की मौत हुई है। इधर, मानसून अब भी महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर ही रुका है। यह 10 जून तक मध्य प्रदेश पहुंचेगा, हालांकि राज्य में बारिश का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को भोपाल, शाजापुर, छिंदवाड़ा, राजगढ़, सागर, सतना, धार और दमोह में बारिश हुई।

## पंजाब के जसबीर के मोबाइल में 150 पाकिस्तानी नंबर मिले

- अफसरों-आईएसआई एजेंटों के हो सकते हैं, यूट्यूबर ज्योति के साथ फोटो से रडार पर आया

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर जसबीर सिंह के मोबाइल में पाकिस्तान के 150 कॉन्टैक्ट नंबर मिले हैं। इतना ही नहीं, उसका हिसार (हरियाणा) की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ भी कनेक्शन मिला है। यूट्यूब पर अपलोड एक वीडियो में जसबीर सिंह, ज्योति मल्होत्रा के साथ पाकिस्तान में शॉपिंग करता दिख रहा है।



फिलहाल, यूट्यूबर को 3 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। जसबीर (41) जिला रोपड़ के माहलां गांव का रहने वाला है। पुलिस का दावा है कि नंबरों की जांच चल रही है। अभी शक है कि ये नंबर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई एजेंटों या फिर पाकिस्तानी अधिकारियों के भी हो सकते हैं। उधर, जसबीर सिंह का परिवार गांव से गायब हो गया है। चमकौर साहिब के गांव माहलां स्थित उसके घर पर न तो उसकी पत्नी है न ही बेटा।

## महाराष्ट्र में अब सिर्फ मराठी और इंग्लिश ही पढ़ाई जाए

- राज ठाकरे बोले-सरकार लिखित में जारी करे यह आदेश

**मुंबई (एजेंसी)।** एमएनएस नेता राज ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार से अपील करते हुए कहा, वो लिखित आदेश जारी करे कि पहली कक्षा से बच्चों को सिर्फ मराठी और इंग्लिश पढ़ाई जाएगी, हिंदी को अनिवार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने बुधवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार ने पहले तीन भाषाएं पढ़ाने का फैसला लिया था और अब हिंदी की किताबें छप भी गई हैं। अगर सरकार अब फिर से हिंदी को जरूरी करती है, तो एमएनएस आंदोलन करेगी।



महाराष्ट्र में 16 अप्रैल को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने का फैसला लिया गया था, इसके तहत राज्य के मराठी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पहली से पांचवीं कक्षा के छात्रों के लिए हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाया गया था। हालांकि, राज्य में कई संगठन और राजनीतिक दलों ने हिंदी को अनिवार्य करने का विरोध किया। इसके चलते राज्य सरकार ने 22 अप्रैल को हिंदी अनिवार्य करने का अपना निर्णय वापस ले लिया था। पत्रकारों से बातचीत के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा था कि स्टूडेंट्स तीसरी भाषा अपने मन से चुन सकेंगे। हिंदी अनिवार्य नहीं होगी।

## अगली पीढ़ी को बेहतर धरती देने के लिए सचेत होना जरूरी

**सीएम ने कहा-अच्छा वातावरण सौंपने के लिए पर्यावरण संरक्षण करना ही होगा**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विश्व पर्यावरण दिवस है और गंगा दशहरा भी आज है। दोनों भारतीय संस्कृति के लिए विशेष महत्व रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के साथ जोड़ा है। राज्य सरकार आज से इस अभियान की शुरुआत कर रही है। हमारी संस्कृति में एक वृक्ष को सौ पुत्रों के बराबर माना है। परंपरागत रूप से कहा जाता है कि एक बावड़ी 10 कुओं के बराबर है, 10 बाबड़ी एक तालाब के बराबर है, 10 तालाब एक पुत्र के बराबर है और 100 पुत्र एक वृक्ष के समान है। पुत्रों की तुलना वृक्ष के साथ करना, प्रकृति की महत्ता को दर्शाता है। अगर प्रकृति संरक्षित रहेगी तो हमें अपने आप फलने-फूलने का अवसर मिलता रहेगा।



- **मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने 'एक पेड़ मां के नाम'-2025 अभियान का किया शुभारंभ**

### सीएम बोले-हमने नेट जीरो एमीशन का लक्ष्य रखा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार संस्कृति को संरक्षित करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति प्रदान कर रही है। पर्यावरण दिवस पर सभी पुरस्कार विजेता बधाई के पात्र हैं। बदलते दौर में प्लास्टिक के उपयोग को लेकर री-यूज, रि-साइकिल की बात कही जा रही है, यह प्रक्रियाएं भारतीय जीवनशैली में पहले से ही विद्यमान हैं। हमने नेट जीरो एमीशन का लक्ष्य रखा है। इसी आधार पर 2030 तक प्रदेश की ऊर्जा क्षमता को 500 गीगा वॉट तक बढ़ाने की योजना बनाई गई है। जल गंगा संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

### सबको स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग में अपना योगदान देना होगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सबको स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में योगदान देना होगा। वायु की गुणवत्ता मे सुधार, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और जल संरक्षण के लिए व्यक्तिगत जवाबदेही और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना जरूरी है। राज्य सरकार पर्यावरण अनुकूल उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय पौराणिक कथाओं में वृक्षों, नदियों, पहाड़ों के साथ-साथ वन्यजीवों की पूजा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा दी गई है, हमें इनसे प्रेरणा लेनी होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 19वीं शताब्दी में महान वैज्ञानिक जगदीशचंद्र बसु ने लंदन में रायल सोसाइटी को वैज्ञानिक रूप से सिद्ध करके बताया कि पौधों में प्राण होते हैं।

## गुटबाजी से नुकसान सहन नहीं संगठन में सिफारिश नहीं चलेगी

**राहुल गांधी की कांग्रेसी नेताओं को दो-टूक, 30 से पहले जिला अध्यक्ष बनेंगे**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को (4 जून) हरियाणा दौरे पर रहे। उन्होंने करीब 3 घंटे तक चंडीगढ़ में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत राज्य के नेताओं और ऑब्जर्वरों की मीटिंग ली। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने बैठक में नेताओं को दो-टूक में कहा कि संगठन बनाने में किसी नेता की सिफारिश नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि गुटबाजी से पार्टी को नुकसान सहन नहीं होगा। उधर, प्रदेश प्रभारी बीके हरि प्रसाद ने कहा 30 जून से पहले जिला अध्यक्ष बना लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि काम के बीच गुटबाजी नहीं आनी चाहिए। ऐसा होता है तो एक्शन लिया जाएगा। प्रदेश प्रभारी बीके हरि प्रसाद ने मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस ने कहा कि गुजरात से संगठन सृजन अभियान शुरू हुआ है। पहले नेता प्रतिपक्ष और पीसीसी नेता जिला अध्यक्ष चुनते थे, मगर अब 30 जून से पहले जिला अध्यक्ष बनाएंगे। हर जिले में 6 लोगों का पैनल बनेगा। 35 से 55 साल के लोग जिला अध्यक्ष बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस और बीजेपी की विचारधारा को न मानने वाले समाजसेवी और खिलाड़ी भी जिला अध्यक्ष के लिए आवेदन कर सकते हैं।



## रीवा में ऑटो पर पलटा ट्रक, 7 लोगों की मौत

- ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा, प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे थे ऑटो सवार



**भोपाल।** रीवा में सीमेंट पिलर से लदा एक बल्कर ट्रक ऑटो पर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार 7 लोगों की मौत हो गई। 4 लोगों की तो मौके पर ही जान चली गई। एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। जबकि 2 लोगों की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मरने वालों में 4 बच्चे, एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। हादसे में 3 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस के अनुसार, ऑटो में कुल 10 लोग सवार थे। सभी मऊगंज के नई गढ़ी के रहने वाले थे और प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे थे।

## बेंगलुरु हादसे में 'ऐक्शन' में कर्नाटक हाईकोर्ट

**राज्य सरकार को भेजा नोटिस, अगली सुनवाई 10 जून को**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** पहली बार आईपीएल विजेता बनने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का जश्न बुधवार को बड़े हादसे में बदल गया। विजेता खिलाड़ियों के स्वागत में यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर जुटी भीड़ में भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई। 33 घायल हैं। सभी मरने वाले 35 साल से कम उम्र के थे, 3 टीनएजर हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस हादसे पर ऐक्शन लिया है। कर्नाटक सरकार ने कोर्ट में कहा,भगदड़ के बाद घायलों को तुरंत इलाज मुहैया करवाया। 1380 पुलिसकर्मी तैनात किए गए। बेंच ने अटॉर्नी जनरल एक रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 10 जून को होगी। इस मामले की सुनवाई एक्टिंग चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सी एम जोशी की बेंच कर रही है। सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने कब्बन पार्क थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में सीएम सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और कर्नाटक क्रिकेट बोर्ड पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बेंगलुरु हादसे में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रबंधन भी जांच के दायरे मे आ गया है। दरअसल, एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ के कुछ घंटे पहले आरसीबी के सोशल मीडिया अकाउंट से विक्ट्री जुलूस का ऐलान किया गया था। हाईकोर्ट ने कहा, हमने इस मामले में एडवोकेट जनरल के सामने अपनी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की है, जिसे रिकॉर्ड पर ले लिया गया है। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्री को आदेश दिया गया है कि इस स्वप्रेरित संज्ञान को स्वप्रेरित रिट याचिका की तरह ही पंजीकृत किया जाए। अगली सुनवाई 10 जून, मंगलवार को होगी। यह बयान इस बात का संकेत है कि हाईकोर्ट ने मामले में गंभीर है।

- **भगदड़ में मरने वाले 11 लोगों की उम्र 35 साल से भी कम**



## बिहार में नॉन रेजीडेंट बिहारी बनेंगे बीजेपी के गेमचेंजर

**तेजस्वी और पीके को चुनाव में पटखनी देने का बन गया मेगा प्लान**

**भोपाल/अहमदाबाद (एजेंसी)।** बिहार चुनाव में बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए बीजेपी ने ऐसी सटीक प्लानिंग की है, जिसकी काट लालू यादव, तेजस्वी यादव और पीके जैसे रणनीतिकार के पास भी नहीं है। देश के सभी राज्यों में बिहार दिवस मनाने के बाद अब नॉन रेजीडेंट बिहारी यानी अप्रवासी बिहारियों को चुनाव के दौरान बिहार भेजने की तैयारी कर रही है। बीजेपी का टारगेट दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, पंजाब समेत देश के अन्य राज्यों में बसे करीब 2.75 करोड़ नॉन रेजीडेंट बिहारी हैं। बीजेपी ने इन प्रवासियों से संपर्क के लिए 150 नेता समेत राज्यों के कार्यकर्ताओं की देश के विभिन्न हिस्सों में ड्यूटी लगाई है। अमित शाह और जेपी नड्डा इस कैंपेन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।



### छठ पूजा भी है, ट्रेन से भरकर बिहार जाएंगे बिहारी

जब अक्टूबर में छठ पूजा होगी तब बिहार में विधानसभा चुनाव की गहमागहमी होगी। इस त्योहार पर अपने गांव-घर आने वाले नॉन रेजीडेंट बिहारी भी वोट डालेंगे। प्रवासी बिहारियों को घर जाने में दिक्कत भी नहीं होगी, क्योंकि केंद्र सरकार हर साल देश के हर कोने से बिहार के लिए छठ पूजा स्पेशल ट्रेन चलाती है। संभव है कि इस बार स्पेशल ट्रेनें वोटिंग खत्म होने तक चलाई जाए।

### फर्स्ट फेज में बिहार दिवस अप्रवासियों का डेटा जमा

पिछले दिनों मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा समेत देश के सभी राज्यों में बिहार दिवस मनाया गया। 11 दिनों के इस अभियान के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने चुने हुए इलाकों में मिलन समारोह आयोजित किए और बिहार से बाहर रहने वाले बिहारियों से संपर्क किया था। इन आयोजनों के दौरान अप्रवासी बिहारियों के फोन नंबर और उनके मूल स्थान के साथ विधानसभा क्षेत्र से जुड़े डेटा लिए गए। सूत्रों के अनुसार, इकट्ठा किए गए डेटा को प्रोसेस किया जा रहा है। अगस्त तक इसे एक ऐप पर अपलोड कर दिया जाएगा। अगला कदम यह होगा कि बाहर रहने वाले बिहारियों को फोन करके यह पता किया जाएगा कि वे वोट डालने बिहार जाएंगे या नहीं।

## शिलांग की होटल से सामने आया राजा-सोनम का सीसीटीवी फुटेज

- इंदौर में माता-पिता ने 25 दिन में देखी बेटे की शादी और अर्थी, बहू लापता

**भोपाल।** इंदौर के साकार नगर में रहने वाले राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें दोनों शिलांग के होटल के रिसेप्शन पर नजर आ रहे हैं। उन्होंने 22 मई की शाम को होटल से चेकआउट किया। यहां से सिसौरा की होटल पहुंचे। लगेज रखकर दंपती माउलाकया गांव की ओर चले गए। इधर, बुधवार शाम राजा का शव जैसे ही उसके घर पर पहुंचा, पिता जमीन पर गिर पड़े और दहाड़ मारकर रोने लगे। मां उमा बार-बार अपने बेटे को याद करती नजर आई। रिश्तेदारों और आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। परिवार ने बताया कि कुछ दिन पहले ही पिता अशोक को दिल का दौरा आया था। उन्होंने महज 25 दिनों में बेटे की शादी की खुशियां और उसकी मौत देखी। बता दें, हनीमून पर गए राजा रघुवंशी का शव 2 जून को शिलांग में वेइसाडोंग फॉल्स के पास रियात अरलियांग में करीब 150 फीट नीचे मिला था। पत्नी सोनम की अभी भी किसी तरह की जानकारी सामने नहीं लग पाई।



## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का समापन समारोह आयोजित

**रायसेन (निप्र)।** रायसेन स्थित खेल स्टेडियम परिसर में ताइक्कांडो व फुटबॉल खेल के खेलों हेतु ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (समर कैंप) का समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर दिनांक 1 मई 2025 से रायसेन जिले में जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंड में 22 स्थानों पर 12 खेलों के प्रशिक्षण कैंपों का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार पांडे के निर्देशन में जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री जलज चतुर्वेदी द्वारा संचालित किए गए प्रशिक्षण शिविर में जिले भर में 1297 खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डे ने कहा कि खिलाड़ियों ने अनुशासन में रहकर पूरे एक महीने तक खेलों को सीखा है। सभी खिलाड़ी आपस में एक साथ खेले हैं जिससे खिलाड़ियों में दोस्ती की भावना जन्म लेती है और खिलाड़ी आपस में बहुत अच्छे मित्र बन जाते हैं। पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डे ने कहा कि खेल ऐसा माध्यम है जिससे खिलाड़ियों में देश प्रेम की भावना जागृत होती है और खिलाडी समाज में अपना श्रेष्ठ स्थान रखता है। सभी खिलाड़ी अपने-अपने खेलों को निखारने के लिए नियमित अभ्यास करते रहें और अपने जिला व अपने राज्य और राष्ट्र का नाम रोशन करते रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी खिलाड़ियों को आगे खेलने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की गई। समारोह के प्रारंभ में में जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री जलज चतुर्वेदी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समापन समारोह के अवसर पर विजेता व उपविजेता बालक एवं बालिकाओं को ट्राफियां प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही पूरे 1 महीने तक योग्य प्रशिक्षकों ने जो प्रशिक्षण दिया है उनमें दिनेश दिवाकर ताइक्कांडो प्रशिक्षक पुलिस लाइन रायसेन, वीएस बुंदेला फुटबॉल प्रशिक्षक खेल विभाग रायसेन, राजा रैकवार व मीना रैकवार वरिष्ठ खिलाड़ी व प्रशिक्षक को भी इस अवसर पर अतिथि के द्वारा ट्रैक शूट प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### ग्रामीणों को बारिश में भीगते देख उनके पास पहुंचे कलेक्टर

**रायसेन (निप्र)।** प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नागरिकों की समस्याओं तथा शिकायतों का समाधान किया गया। पेयजल समस्या लेकर ग्राम सीहोरा इमलिया से बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों को बारिश में भीगते देख कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा गाड़ी से उतरकर उनके पास पहुंचे और उनकी समस्या जानी। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में नलजल योजना के संचालन हेतु गठित समिति द्वारा ठीक तरीके से योजना का संचालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा नल कनेक्शन की राशि प्रतिमाह जमा की जा रही है। लेकिन इसके बाद भी पिछले 15 दिवस से मोटर खराब होने के कारण पेयजल की सप्लाई बंद है। जिस कारण ग्रामीणों को बेहद परेशानी हो रही है। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा को ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार बोलने के बाद भी मोटर ठीक नहीं करवाई जा रही है। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को समक्ष बुलाकर तत्काल वस्तुस्थिति ज्ञात कर ग्रामीणों की पेयजल समस्या का भी शीघ्र समाधान करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा के निर्देशों के परिपालन में पीएचई अधिकारी ने समस्या के समाधान हेतु की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि सीहोरा इमलिया के पंचायत सचिव और समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया है। मोटर ठीक करवाई जा रही है तथा दो दिवस में ग्राम में पेयजल वितरण शुरू हो जाएगा। साथ ही नलजल योजना के बेहतर संचालन हेतु नवीन समिति गठित की जाएगी। जनसुनवाई में प्राप्त अधिकांश आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, आर्थिक सहायता, शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिलने संबंधी थे, जिनका शीघ्र समाधान कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर्स तथा अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कक्षा आठवीं और पांचवी में जिले की टॉप 10 सूची में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

## कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मानित



**विदिशा (निप्र)।** विदिशा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं वार्षिक परीक्षा 2025 मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 5वीं और 8वीं के जिला स्तरीय प्रवीणता सूची में टॉप टेन विद्यार्थियों और 100 प्रतिशत परिणाम वाली शालाओं के शिक्षकों को फूल माला पहनाकर एवं प्रशंस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास और लगन की आवश्यकता होती है। उन्होंने ज्ञान अर्जित करने के लिए आज के दौर में तकनीकी क्षेत्र के संबंध में कहा कि पहले के जमाने में ज्ञान अर्जित करने के लिए संसाधन उपलब्ध नहीं रहते थे किताबें खरीदने के लिए यहां वह भटकना पड़ता था , लेकिन आज तकनीकी क्षेत्र में हुए बदलाव और प्राप्त उपलब्धियां के बलबूते पर सोशल मीडिया पर अच्छी शिक्षा ग्रहण की जा सकती है फिर चाहे व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्र में ही निवास क्यों न कर रहा हों। सोशल मीडिया पर ज्ञान अर्जित करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में जानकारी प्राप्त की जा सकती है उन्होंने सोशल मीडिया का सदुपयोग करने की सलाह देते अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सफल सभी विद्यार्थियों और उनके पालको के साथ-साथ शिक्षकों को भी शुभकामनाएं देते हुए स्वच्छता के प्रति भी सजग रहने की अपील की उन्होंने कहा कि हम अपने जिले को साफ स्वच्छ बनाने की दिशा में कार्य करें। जिस प्रकार हम अपने घर में साफ सफाई रखते हैं वैसे ही स्कूल गांव और मोहल्ले में भी साफ सफाई रखें और साफ सफाई के संदेशों का प्रसारण भी करें। कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना समन्वयक श्री आरपी लखेर ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना होगा।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

**सम्मानित होने वाले टॉप टेन छात्रों के नाम :** डीपीसी श्री आरपी लखेर ने बताया कि जिला स्तरीय प्रवणता सूची में कक्षा आठवीं में जिन विद्यार्थियों द्वारा टॉप 10 सूची में स्थान बनाया है उनमें पायल मीना, दीपिका शर्मा, नैन्सी तिवारी, प्रिया रैकवार, मुनमुन नामदेव, नैन्सी सेन, पूजा वघेल, दिलासा कुशवाहा, कावेरी धाकड़ और तनिष लोधी शामिल हैं इसी प्रकार कक्षा पांचवी में जिन विद्यार्थियों द्वारा टॉप 10 सूची में स्थान बनाया है उनमें पूजा शाक्य, विधि सिंह, दिशिता लोधी, आयुष बघेल, आराध्या यादव, यशवंत धाकड़, बालकृष्ण बघेल, आशीष कुमार, प्रिंस अहिरवार, गुंजन और सिमरन राठौर शामिल हैं।

**सम्मानित होने शिक्षक :** कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं वार्षिक परीक्षा 2025 मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और शिक्षकों का सम्मान समारोह में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने वाले शिक्षकों का भी सम्मान हुआ उनमें श्रीमती साइना बानो, श्री प्रमोद कुमार जैन, श्री घनश्याम कुशवाहा,श्री शकील गोरी, श्री सुभाष सोकर, श्री मोहम्मद साजिद खान, श्रीमती अंगूरी कुशवाहा, श्री महेश राठौर, श्री अनिल शर्मा, श्रीमती रूसी रिछारिया तथा शिक्षक श्रीमती कृपा तिर्की, श्री धीरज सिंह मीणा, श्री पार्थ सारथी नामदेव, श्रीमती शोभा रघुवंशी, श्री संतोष जैन, श्री रामकृष्ण रघुवंशी, श्री राजेंद्र भावसार, श्री चंद्र मोहन माली, श्री सुरेंद्र अहिरवार और श्रीमती नुसरत जहां शामिल हैं।

**शिक्षकों और बच्चों ने किया अपने अनुभव सांझा :**

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में 100 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने अनुभव सांझा किये। इस दौरान प्राथमिक शाला बलरामपुर लटेरी में पदस्थ शिक्षिका रूसी रिछारिया ने बताया कि वह कैसे अपने स्कूल में दर्ज बच्चों को शत प्रतिशत अटेंडेंट के साथ किस प्रकार उन्हें अध्ययन कराती थी वह बच्चों को प्रतिदिन स्कूल लाने के लिए प्रेरित करती थी। जिससे बच्चे भी समय पर रोजाना स्कूल आते थे और अपनी पढ़ाई को पूरी लगन के साथ करते थे।

## पठारी क्षेत्र में मूर्ति कला का हो रहा पुनरुत्थान, क्षेत्र को मिलेगा रोजगार और पहचान



**विदिशा (निप्र)।** विदिशा जिले की तहसील पठारी क्षेत्र में अद्भुत पत्थर से बेशकीमती मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। श्रद्धा आस्था और भक्ति की केंद्र बन रही मूर्तियां भक्तों और कला प्रेमियों की पहली पसंद बन रही है। जो स्थापत्य वास्तु और मूर्ति कला संरक्षण और संवर्धन कर पुनः उत्थान कर रही हैं। विदिशा जिले की तहसील पठारी के ग्राम सैदपुर में पत्थर मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। यह मूर्तियां ग्राम सैदपुर के लाल , पीले और भूरे रंग के अद्भुत पत्थर से बेशकीमती मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म की मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है,जिसमें खास तौर पर जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों की मूर्तियां बनाई जा रही है।

**कलेक्टर श्री गुप्ता ने की थी सराहना :** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने विगत दिनों पठारी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान उन्होंने सुकृति कला केंद्र सैदपुर पहुंच कर अद्भुत मूर्तियों की जमकर सराहना की थी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने पठारी के भ्रमण दौरान इन मूर्तियों को बनाने वाले कलाकारों के हुनर को देखा और होंसला अफजाई किया था।

**ऐसे हुई मूर्ति निर्माण की शुरुआत :** पत्थर खदान मालिक डिंपल सिंघई ने बताया कि पठारी क्षेत्र से पूरे देश में जैन मंदिरों के फाउंडेशन बनाने वाले पत्थर ब्लॉक भेजे जाते हैं। 2018-19 में खजुराहो में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने मूर्ति निर्माण के लिए पत्थर की मांग की। जिसमें अंतरराष्ट्रीय लेबोरेटरी में सैदपुर खदान का पत्थर का गुणवत्ता युक्त चयन किया गया। इसके बाद से मुनिश्री दुर्लभ सागर जी महाराज की प्रेरणा से मूर्तियों का निर्माण प्रारंभ हुआ।

**ऐसे बनती है मूर्तियां :** आर्किटेक्चर प्रियंक जैन, मुख्य कलाकार रंजीत बेहरा और उत्तम मलिक ने बताया कि मूर्ति निर्माण के लिए विशेष मुहूर्त में पत्थर को वैदिक विधि से आमंत्रित किया जाता है। पत्थर की पूजा अर्चना करने के पश्चात पत्थर की कटिंग की जाती है। इसके बाद पत्थर को मूर्ति का रूप देने के लिए ड्राइंग करके तराशा जाता है। इसके बाद फिर ड्राइंग करके नक्काशी की जाती है। मूर्ति पर डिजाइन बनाकर सफाई, घिंसाई और पॉलिश कर चिन्ह अंकित अंतिम रूप दिया जाता है। मूर्ति निर्माण के दौरान कलाकार कठोर नियम और सिद्धांतों का पालन करते हैं।

**जीवंत और संजीदा दिखती है मूर्तियां :** मुख्य रूप से नागर शैली स्थापत्य कला के लिए बनाई जा रही मूर्तियों में मथुरा शैली और गंधार शैली का अनूठा संगम नजर आता है। 9 ताल के आधार पर बनाई जा रही लाल, पीले और भूरे रंग के पत्थर की मूर्तियों में अद्भुत आकर्षण नजर आता है। 1 फुट से लेकर 13 फुट तक की भीमकाय मूर्तियों का निर्माण उड़ीसा, कोलकाता, चेन्नई, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुशल कलाकारों के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें जैन मूर्तियों में ध्यान मग्न अवस्था, विशाल बंद नेत्र, घुंघराले केश, सुडोल कंधे, गोद में दोनों हाथ रखे हुए तीर्थंकरों के हृदय पर श्री वत्स चिन्ह प्रतिमाओं की शोभा बढ़ाते है। किसी-किसी प्रतिमा में हाथ की उंगलियां मुड़ी हुई नजर आती हैं।



फसलों का बीमा कराने हेतु किसानों को जागरूक और प्रोत्साहित करने प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**रायसेन (निप्र)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2025 मौसम की फसलों से जुड़े हुए अप्रत्याशित या प्रतिकूल मौसम जोखिमों की वजह से होने वाले नुकसान की भरपाई फसल बीमा के माध्यम से की जा सकती है। कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार जिले के किसानों को जागरूक एवं प्रोत्साहित करने तथा फसल बीमा योजना के लाभ के प्रचार-प्रसार हेतु उप संचालक कृषि श्री दुष्यंत धाकड़ द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एडीओ श्री एससी सोलंकी, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कम्पनी के जिला प्रतिनिधि श्री विनय यादव, श्री अंकित बरसैया सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रायसेन जिले की सभी तहसीलों में 03 जून से 12 जून 2025 तक फसल बीमा की जानकारी प्रदान कर किसानों को फसल बीमा के लिए प्रेरित किया जाएगा। ऋणी एवं गैर ऋणी किसान अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित की गई फसलों के बीमा का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए इच्छुक गैर ऋण किसान भूमि स्वामित्व दस्तावेज अधिकार का रिकार्ड आरओआर या बही, आधारकार्ड, बैंक पासबुक और फसल बुआई प्रमाण पत्र आदि आवश्यक दस्तावेज सीएससी केन्द्र, पीएमएफबीवाई पोर्टल, इंश्योरेंस कम्पनी के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं। फसल बीमा से संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाईन नम्बर 14447 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## शासकीय गर्ल्स कॉलेज की पूर्व छात्रा कुमारी पूजा शर्मा का सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हुआ

### मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में सफल हुई कुमारी पूजा शर्मा




**विदिशा (निप्र)।** राजमाता विजयराजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय विदिशा की पूर्व छात्रा कुमारी पूजा शर्मा का चयन सहायक प्राध्यापक पद के लिए किया गया। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लिखित और मौखिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद कुमारी पूजा शर्मा का चयन सहायक प्राध्यापक हिंदी के पद के लिए हुआ है। कुमारी पूजा शर्मा ने महाविद्यालय से हिंदी विषय में स्नातकोत्तर किया था और अपने पहले ही प्रयास में सहायक प्राध्यापक के रूप में चयनित होने में सफल हुई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने चयनित कुमारी पूजा शर्मा को बधाई दी और प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह हमारे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। यह विदिशा जिले के लिए भी एक उपलब्धि की तरह है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे अध्ययनरत छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी। कुमारी पूजा शर्मा ने भी अपनी सफलता में महाविद्यालय एवं प्राध्यापकों के योगदान को महत्त्वपूर्ण माना। महाविद्यालय की यह छात्रा अब शीघ्र ही प्रदेश के महाविद्यालय में शिक्षण करती नजर आएगी।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को दी जा रही है योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी



**सीहोर (निप्र)।** भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में 29 मई से 12 जून तक किसानों के कल्याण को कृषि को उन्नत बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में तीन दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक दल में कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को सम्मिलित किया गया है। अभियान के अंतर्गत गठित दलों द्वारा प्रतिदिन जिले के तीन विकासखण्ड की नौ पंचायतों में भ्रमण कर कृषकों को कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यानिकी विभाग की नवीन योजनाओं, कृषि यंत्रीकरण, खरीफ मौसम की तैयारी बीजोपचार, पशुपालन एवं उद्यानिकी फसलों के सम्बंध में तकनीकी मार्गदर्शन एवं उन्नत कृषि तकनीकी की जानकारी प्रदान की जा रही है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री केके पांडे ने बताया कि अभियान के तहत सीहोर विकासखंड की ग्राम पंचायत बिजोरी, महोड़िया, तथा मोगराराम में अधिकारियों के दलों द्वारा भ्रमण किया गया। इसी प्रकार आष्टा विकासखंड की ग्राम पंचायत झिलेला, कुर्ली कलॉ तथा लाखिया तथा बुधनी विकासखण्ड महागांव, मर्दानपुर एवं आवंलीघांट, बांया, माथनी एवं जहांजपुरा में वैज्ञानिक एवं अधिकारियों के दलों द्वारा भ्रमण किया गया। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आष्टा की ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में आष्टा विधायक श्री गोपाल सिंह इंजिनियर ने किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने तथा तकनीकी अपनाकर उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित किया। विभाग द्वारा 04 जून को सीहोर विकासखंड की ग्राम पंचायत बरखेड़ी, वमूलिया तथा धामनखेड़ा, आष्टा विकासखंड की भंवरी कलॉ, करमनखेडी तथा फूडरा, बुधनी विकासखंड की खेरी, सलकनपुर तथा बोरी में कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों के दल द्वारा भ्रमण किया जायेगा।

## कलेक्टर श्री जैन ने शिक्षा विभाग की बैठक में अधिकारियों को निर्देश

# सभी बच्चों का स्कूल में प्रवेश दिलाएं कोई भी बच्चा स्कूल जाने से न छूटे



**हरदा (निप्र)।** स्कूल जाने योग्य सभी बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाएं और प्रयास किया जाए कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटे नहीं। यह निर्देश कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होने बैठक में निर्देशित किया कि विभागीय अमले के माध्यम से 6 से 18 वर्ष की आयु के सभी बच्चों का सर्वे कर शाला से बाहर के बच्चों को शाला में प्रवेश के लिये प्रेरित कर उनका प्रवेश कराएं। उन्होने बैठक में बिना किसी कारण से अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र श्री बलवंत पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री रघुवंशी को छात्रवृत्ति के लिये विद्यार्थियों के बैंक खाते अपडेट कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि कोई पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने निर्देशित किया कि पीएम श्री विद्यालयों में नियमानुसार टेण्डर प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों को सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होने बैठक में डीपीसी श्री पटेल को सार्थक एप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थित दर्ज कराने के निर्देश भी दिये। उन्होने कहा कि सार्थक एप की उपस्थिति के आधार पर ही शिक्षकों का माह जुलाई का वेतन आहरित किया जाए। कलेक्टर श्री जैन ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत नॉट अटेण्डेन्ट नहीं होना चाहिए। उन्होने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विद्यालयों में पौधरोपण कर वायुदूत एप पर फोटो अपलोड कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। उन्होने अधिकारियों को विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण के निर्देश दिये।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान का क्रियान्वयन



**विदिशा (निप्र)।** विदिशा जिले मे किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग तथा कृषि संबद्ध विभाग द्वारा खरीफ पूर्व विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन 29 मई से 12 जून 25 तक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य कृषकों को खरीफ पूर्व तैयारी के लिए उन्नत एवं वैज्ञानिक तकनीकों, नवीन अनुसंधानों एवं राज्य सरकार की योजनाओं, प्राकृतिक खेती, जल प्रबंधन फसल विविधिकरण, पशुपालन, उद्यानिकी, मछली पालन एवं कृषि यंत्रीकरण की जानकारी से अवगत कराना है, जिससे कृषकों की आय में वृद्धि हो और वे सतत् कृषि पद्धतियों को अपना सकें। जिले में इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु तीन दलों का गठन किया गया है, जिसमें किसानो द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं एवं अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर रहे हैं। अब तक प्रथम दल द्वारा विकासखंड विदिशा के 18 ग्रामों में दूसरा दल विकासखंड बासौदा के 18 ग्रामों एवं तीसरा दल विकासखंड कुरवाई एवं सिरोंज के 18 ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया गया है। जिसमें 3457 किसानों ने शिविर में पहुंचकर कृषि की उन्नत तकनीक एवं मिटटी की जांच, बीज, खाद, सिंचाई, कृषियंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन एंव ड्रोन आदि की जानकारी शिविर में उपस्थित कृषि वैज्ञानिको एवं अधिकारियों से प्राप्त की। किसानों द्वारा बताया गया की ऐसे शिविरों का आयोजन पंचायत स्तर पर दोनों सीजन रबी एंव खरीफ से पूर्व किया जाना चाहिये। इस अभियान का नियंत्रण एवं अनुश्रवण उपसंचालक कृषि जिला विदिशा, जिला नोडल अधिकारी एवं भारतीय मृदा विज्ञान भोपाल, केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल एंव कृषि विज्ञान केन्द्र रायसेन के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनसुनवाई में आए कुल 121 आवेदन



**धार (निप्र)।** अपर कलेक्टर श्री अश्विनी कुमार रावत ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर जगदीश मेहरा, एसडीएम श्रीमती रोशनी पाटीदार ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस जनसुनवाई में कुल 121 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जा हटवाने, मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, भूमि का नामांतरण करने, बीमारी के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलवाने, रास्ता खुलवाने, बिजली बिल माफ करने, भूमि का सीमांकन करने इत्यादि संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

### राजसात खाद्यान सामग्री की पाँच स्थानों पर होगी नीलामी

**इन्दौर (निप्र)।** जिले में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत राजसात खाद्यान्न सामग्री चावल, गेहूं, बाजरा एवं अन्य की नीलामी की जायेगी। यह नीलामी पाँच स्थानों पर होगी। पहली नीलामी 13 जून को तथा अंतिम नीलामी 17 जून को होगी। अपर कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति नियंत्रक डॉ. रिंकेश व्यास ने बताया कि राजसात की गई खाद्यान सामग्री की नीलामी 13 जून को एलआरटी बड़ा गणपति पर, 16 जून को कृषि उपज मंडी डोंगरगाँव एवं ग्राम टीही महू में तथा 17 जून को लक्ष्य वेयर हाउस ग्राम पालिया और चंद्रावतीगंज स्थित श्रीनाथ वेयर हाउस तहसील सांवेर में की जायेगी। नीलामी के संबंध में आवश्यक जानकारियां कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 221 मोती तबेला में स्थित खाद्य कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

### धूनिवाला आश्रम मंदिर नव निर्माण समिति की प्रथम बैठक संपन्न

**खण्डवा।** श्री धूनीवाले दादाजी मंदिर निर्माण के संबंध में गठित श्री धूनिवाला आश्रम मंदिर नव निर्माण समिति की प्रथम बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई।बैठक में मंदिर के भूमि पूजन की तारीख,संपूर्ण मंदिर निर्माण का प्लान एवं उसकी लागत के संबंध आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन के लिये श्री दादाजी मंदिर ट्रस्ट की ओर से 13, 25 एवं 29 जून, पटेल सेवा समिति की ओर से 7 जुलाई, श्री छोटे सरकार की ओर से 30 जून की तिथियों का सुझाव दिया गया।बैठक में आए सुझावों के आधार पर शीघ्र ही तिथि निर्धारित की जाएगी। बैठक में आर्किटेक्ट श्री विरेन्द्र त्रिवेदी से अनुबंध हेतु सर्वसहमति से निर्णय लिया गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री त्रिवेदी 25 जून 2025 तक मंदिर की थ्री डी इमेज एवं वॉकथ्रू उपलब्ध करवायेंगे।मंदिर निर्माण हेतु टेण्डर प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।मंदिर निर्माण समिति के समस्त लेखों के प्रबंधन हेतु श्री भरत झंवर को प्रमुख अंकेक्षक के रूप में कार्य करने हेतु सर्वसहमति से निर्णय लिया गया। निर्माण के समय कार्य एवं पत्थर (मकराना) की गुणवत्ता की जांच करने के लिये इस क्षेत्र में महारथ रखने वाले व्यक्ति को साईट इंजार्च/साईट कॉर्डिनेटर के रूप में रखने हेतु चर्चा की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी समय में प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को अपरान्ह 12 बजे समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। समिति का बैंक खाता एचडीएफसी बैंक शाखा आंनद नगर खण्डवा में खोला गया है जिसकी जानकारी सभी सदस्यों को दी गई।मंदिर निर्माण के लिए छोटे सरकार की ओर से 15 करोड़ रुपये एवं सदस्य श्री राकेश बंसल की ओर से 1.11 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। बैठक में खण्डवा लोकसभा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, खण्डवा विधायक श्रीमती कंचन तनवे, महापौर श्रीमती अमृता यादव, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंशु जावला, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खण्डवा श्री बजरंग बहादुर सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अवैध खनन पर कार्यवाही लगातार जारी रखें - कलेक्टर

**देवास (निप्र)।** कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर श्री बिहारी सिंह, एसडीएम सोनकच्छ श्रीमती प्रियंका मिमरोट, डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव सक्सेना सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए।



कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने कहा कि आरटीओ लगातार स्कूल बसों की जांच अभियान चलाकर करें। जिले में अवैध खनन पर कार्यवाही लगातार जारी रखें। एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में रोड सेफ्टी की बैठक आयोजित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्य में लापरवाही और विभागीय कार्यों की सही से मॉनिटरिंग नहीं करने पर पशु पालन अधिकारी श्री सी एस चौहान को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राहगीर योजना शुरू की गई है। जिसके तहत दुर्घटना होने पर व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक को 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुचने वाले व्यक्ति को योजना का लाभ दें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत किसानों को जागरूक करें। जिले को कुपोषण मुक्त करने के लिए किलकारी अभियान शुरू किया गया है। सभी अधिकारी भी पोषण पुनर्वास केंद्र में जाकर अवलोकन करें और नागरिकों को जागरूक करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि समग्र ई-केवायसी का कार्य जून माह में अभियान चलाकर करें। जून माह से जिले में शतप्रतिशत नागरिकों की ई-केवायसी करनी है। ई-केवायसी कार्य में नगर निगम में प्रगति धीमी होने पर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ई-केवायसी कार्य में तेजी लाये। नगर निगम में तीन लाख नागरिकों की ई-केवायसी करनी है। नगर निगम प्रतिदिन 10 हजार ई-केवायसी करें। प्रतिदिन की प्रगति की रिपोर्ट भी दिखाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी जनपद और नगरीय निकाय अभियान चलाकर ई-केवायसी कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। जो अधिकारी/कर्मचारी ई-केवायसी कार्य में काम नही कर रहे है उनपर कार्यवाही करें और कार्यवाही की जानकारी भी दें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि क्षिप्रा नदी के आसपास से हटाये गए अतिक्रमण वाली जगह पर पौधा रोपण कार्य करें। स्व सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से ग्रामों में टेक्स कलेक्शन का कार्य शीघ्र करें। नल जल योजना में खोदी गई सड़कों का रिस्टोरेशन कार्य शीघ्र करें। ठेकेदारों की बैठक लें और बचें हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नगर निगम अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार करते रहे। देवास में एबी रोड से अतिक्रमण हटाये। सर्विस लाइन पर अतिक्रमण कर के दुकाने लगाई जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्वीकृत और वितरित प्रकरणों की जानकारी लेकर, शतप्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि राजस्व अधिकारी तालाबों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। जिले में चार साल में एक्सीडेंट में हुई मृत्यू का डाटा सभी एसडीएम निकाले और प्रकरणों का निराकरण।कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नगर परिषद में स्वीकृत पदों से अधिक कर्मचारी कार्य कर रहे है। अतिरिक्त कर्मचारियों को हटाए और स्वीकृत पदों के अनुरूप ही कर्मचारी कार्य करें इसका ध्यान रखें। पद से अधिक कर्मचारियों को रख कर भुगतान करने वालों के विरूद्ध विभागीय जांच करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि बरसात को देखते हुए जिले में जर्जर भवनों का चिंहांकन कर, उन्हें तोड़ने की कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में 05 जून को टेकरी पर वृहद स्तर पर पौधारापण किया जायेगा। नगर निगम देवास को निर्देश दिये 05 जून को देवास में माताजी टेकरी पर वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और सामाजिक संगठनों को भी शामिल करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करें तथा पौधारोपण कर वायुदूत एप पर फोटो अपलोड भी करें। 21 जून को योग दिवस के लिए नगर निगम जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाये और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़े।

कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में लम्बित शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर विभाग को ग्रेडिंग सुधारने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों का संतुष्टीपूवर्क निराकरण करें। सीएम हेल्प लाइन पर कोई भी शिकायत नोट अटेंडेंट नहीं रहनी चाहिए। अधिकारी खुद शिकायतकर्ता से बात कर शिकायत का निराकरण करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने समाधान ऑनलाइन शिकायतों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि 100 दिवस से अधिक समय से लम्बित की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम डेश बोर्ड की समीक्षा कर सभी विभागों को निर्देश दिये कि लम्बित शिकायतों का निराकरण शीघ्र करें। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम मॉनिट, सीएम हाउस, न्यायालय में लम्बित प्रकरणों और टीएल प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण के निर्देश दिए। एसडीएम उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों का जवाब शीघ्र भेजें। कलेक्टर श्री सिंह ने भूमि आवंटन के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में लम्बित सीमांकन, बटवारा और अभिलेख दुरूस्थि के प्रकरणों की समीक्षा कर राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि परामर्दात्री समिति की बैठक हर तीन माह में आयोजित करें।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले शतप्रतिशत हितग्राहियों ईकेवाईसी कार्य शीघ्र पूर्ण करें। हितग्राहियों के ईकेवाईसी लिए मेरा ई केवाईसी एप भी बनाया गया है। जिसके माध्यम से हितग्राही स्वयं अपनी ईकेवायसी कर सकता है। सभी जनपद सीईओ और नगर निगम को निर्देश दिये जो हितग्राही यहां नहीं उसे लिंक भेजकर फेस ईकेवायसी के माध्यम से ई-केवायसी करें। सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि ई-केवायसी कार्य की लगातार समीक्षा करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा कर निर्देश दिये कि अभियान में तेजी लाकर कार्य करें। कलेक्टर श्री सिंह ने धरती आबा अभियान, पीएम इंटरशिप, नेशनल अप्रेंटशिप प्रमोशन योजना, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### स्वस्थ्य यकृत मिशन हुआ प्रारंभ

## स्वास्थ्य टीम द्वारा घर-घर जाकर नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज की जांच

**खण्डवा (निप्र)।** शासन के निर्देशानुसार नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर की जांच के उद्देश्य से स्वस्थ्य यकृत मिशन 2 जून से प्रारंभ किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओ.पी.जुगतावत ने बताया कि स्वस्थ यकृत मिशन का उद्देश्य 30 से 65 वर्ष की आयु के लाभार्थियों में यकृत संबंधी जोखिम की शीघ्र पहचान, लाइन लिस्टिंग, परामर्श एवं उचित रेफरल सुनिश्चित करना है। उच्च जोखिम जानने के लिए कमर का माप सही तरीके से कैसे करे,नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज भारत में हर 3 मे से 1 वयस्क को प्रभावित करता है इस संबंध में स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।



नोडल अधिकारी एनसीडी डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि इस मिशन के तहत सक्रिय स्क्रीनिंग आशा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ,स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा घर-घर भ्रमण कर समुदाय आधारित आयोजनों में लाभार्थियों की स्क्रीनिंग कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल व जिला अस्पताल पर इलाज के लिए भेजे जायेगे। यदि वे जोखिम वर्ग में आते हैं, तो उन्हें लाइन लिस्ट कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

महिलाओं के लिए 80 सेमी से अधिक कमर की परिधि तथा पुरुषों के लिए 90 सेमी से अधिक कमर की परिधि तथा मधुमेह के इतिहास जैसे मानदंडो के आधार पर संदिग्ध नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिसीस मामलों की पहचान की जायेगी। संदिग्ध मामलों के आगे के मुल्यांकन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया जायेगा।

## विधिका को हरसूद पोषण पुनर्वास केन्द्र से मिली बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

**खण्डवा।** खंडवा के विकासखण्ड हरसूद के ग्राम छापाकुण्ड निवासी विधिका पिता रामनिवास उम्र 21 माह को उसकी मां श्रीमती गंगा गंभीर कुपोषण एवं अन्य चिकत्सीय जटिलता के साथ पोषण पुनर्वास केंद्र हरसूद लेकर पंहुची। जहां शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. गगन दिलावरे ने विधिका को देखा और गंभीर जटिलता को देखते हुए 15 मई को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कर 14 दिनों तक मापदंडो के अनुसार उपचार और पोषण आहार दिया गया।जिसकी वजह से प्रतिदिन वजन मे वृद्धि एवं स्वास्थ सुधार हुआ।

पोषक प्रशिक्षक नीतू जोशी द्वारा बताया गया की भर्ती के समय विधिका का वजन 6.410 किग्रा व ऊचाई 75 सेमी और एमयूएसी 11.6 सेमी था। पोषण पुनर्वास केन्द्र के स्टाफ द्वारा नियमित रुप से देखभाल, उपचार एवं पोषण दिया गया। जिससे विधिका का प्रतिदिन वनज बढ़ने लगा। 27 मई को विधिका की छुट्टी के समय उनका वजन 7.450 किग्रा और एमयूएसी 11.8 था। पोषक प्रशिक्षक व स्टाफ के द्वारा विधिका की माता को समझाते हुए घर पर ही उपलब्ध खाद्य सामग्री से बच्चे के लिए पोष्टिक भोजन बनाने के लिए प्रतिदिन काउंसलिंग की गई और बच्चे को आहार देने के सही तरीके की जानकारी देते हुए स्वच्छता के लिए भी प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हे 15 दिवस के अंतराल से विधिका को नियमित रुप से फ़ॉलोअप के लिए कहा गया।

## कलेक्टर द्वारा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, डीईओ एवं डीपीसी की संयुक्त बैठक ली गई

**धार (निप्र)।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, डीईओ एवं डीपीसी की संयुक्त बैठक ली गई। बैठक मुख्यतः विभाग अंतर्गत पदस्थ अधिकारी कर्मचारी जो 3 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं उनके स्थानांतरण, भवन निर्माण एवं विभाग से संबंधित समितियों के संबंध में आयोजित की गई।



बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा हॉस्टल वार्डन जिन्हें एक ही स्थान पर 3 वर्ष हो गए है के स्थानांतरण करने हेतु प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। विभाग से संबंधित फाइलें समय पर प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर द्वारा कहा गया कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए विभाग से संबंधित जिला स्तर की जितनी भी समितियां है जिनकी बैठक नियमित अंतराल में होनी है, उनकी बैठक समय-समय पर आयोजित कर व्यवस्था में सुधार करे। शिक्षकों के स्थानांतरण के संबंध में कहा कि पूरे जिले में ऐसा कोई प्रकरण नहीं होना चाहिए कि कोई संदेह उत्पन्न हो।

शिक्षक संवर्ग की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के बच्चों के नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण करे। विभाग अंतर्गत लंबित अनुकंपा नियुक्तियों एवं पेंशन संबंधी लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु दिए गए टारगेट को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिले में बीआई एवं बीआरसी के रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त की।

विभाग अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा कर की। विभाग अंतर्गत अधिकारी व कर्मचारियों के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की जानकारी ली गई। 16 जून से स्कूल शुरू होने वाले है, शिक्षण एवं गणवेश सामग्री की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करे।जिला स्तर पर प्राथमिक शिक्षकों की होने वाली भर्ती प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की गई। बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खनिज टीम द्वारा अवैध परिवहन, उत्खनन, भण्डारण पर 3 वाहनों को जप्त कर किया गया



**धार (निप्र)।** कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार खनि अधिकारी आर.के. कनेरिया के नेतृत्व में खनिज टीम द्वारा गत दिवस ग्राम खेडा तथा पीथमपुर क्षेत्र से खनिज गिट्टी, मुरम का अवैध परिवहन, उत्खनन, भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए 3 वाहनों को जप्त कर पुलिस थाना पीथमपुर सेक्टर-1 मे 1 डम्पर, 2 डम्पर को पुलिस चौकी संजय जलाशय की अभिरक्षा में खडे किये गये है। यह कार्यवाही खनि निरीक्षक संदेश पिपलोदिया, खनि निरीक्षक रमेश सोलंकी द्वारा की गई। उक्त वाहनों के मालिको, चालको के विरूद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियमों के तहत अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही है।

# रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग पद्धति से करें जल का संग्रहण-कलेक्टर

**खण्डवा (निप्र)।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कहा कि जल संरक्षण के लिए रूफवॉटर हार्वेस्टिंग का उपयोग अधिक से अधिक किया जाये।उन्होंने शासकीय कार्यालयों में किए जा रहे रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिले की समस्त पक्की छतों पर रूफवाटर हार्वेस्टिंग कार्य किए जाने का लक्ष्य रखा।



उन्होंने इस कार्य को चरणबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जो शासकीय भवन शेष है उनपर रूफवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाए।इसके बाद रूफ वाटर हारवेस्टिंग के कार्य को शासकिय आवासों में,व्यापारिक प्रतिष्ठानों में,दो मंजिला आवासीय भवनों आदि में चरणबद्ध रूप से किया जाएगा।उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक,वर्कशॉप,संगोष्ठि आदि आयोजित कर जनता को रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति जागरूक किया जाये।

उन्होंने जिले के एनआरसी एवं एनबीएसयू में भर्ती बच्चों की जानकारी ली एवं बेहतर व्यवस्थाएं करने और बच्चों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने पीओपी की मूर्ति निर्माण पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने एनआरएलएम के अधिकारी को निर्देश दिए कि मिट्टी से मूर्ति निर्माण की कार्यशालाएं आयोजित की जाएं। बैठक में उन्होंने मियावाकी पद्धति से पौधारोपण करने की प्रगति की जानकारी लो।उन्होंने प्रत्येक जल जीवन मिशन के स्त्रोत के पास रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाये जाने की प्रग्रति की जानकारी ली एवं शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिए ।बैठक में उन्होंने सूखे अनुपयोगी नलकूपों को रिचार्ज शाफ़्ट में कन्वर्ट करने की जानकारी ली।

उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली एवं रिकॉर्ड को डिजिटल करने की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने ई- ऑफिस प्रणाली को लागू करने के निर्देश समस्त अधिकारियों को दिए।उन्होंने कहा की ई ऑफिस के माध्यम से नस्तियाँ प्रस्तुत की जाएँ।उन्होंने समग्र-ई केवाईसी लिंकिंग की जानकारी लेकर शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिए।बैठक में उन्होंने नंदन फलोद्यान की जानकारी ली।

बैठक में उन्होंने रबी विपणन वर्ष 2025-26 समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की समीक्षा की। उन्होंने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आधार कार्ड,डिजिटल प्रमाण पत्र,आयुष्मान कार्ड,प्रोफाइल पंजीयन आदि की जानकारी ली।उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि भ्रमण कर पीएमजीएसवाई की सड़कों का निरीक्षण करें।बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने फार्मर आईडी बनाये जाने की प्रग्रति की जानकारी ली।उन्होंने पटवारियों को फार्मर आईडी के कार्य में लापरवाही करने पर निलंबन का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए जिसमे खण्डवा के ग्राम सांवखेड़ा के पटवारी श्री आशीष गौर, सिंगोट के ग्राम नांदिया के पटवारी साक्षी गौर,चिच गोहन के पटवारी श्री राजेंद्र महाजन , खंडवा नगर के बड़गांव भीला पटवारी श्री अशोक सिंह तंवर ,पुनासा के ग्राम रीछी के पटवारी श्री सतीश राठौर ,मुंडई के पटवारी श्री गौरव सोनी शामिल हैं। उन्होंने पीएम किसान आधार सीडिंग रिपोर्ट एवं ई-केवायसी रिपोर्ट की समीक्षा की।

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा,अपर कलेक्टर श्री के आर बडोले एवं श्री अरविंद चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे।

# प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करें

**खण्डवा (निप्र)।** आगामी दिनों में वर्षा के मौसम में किसी भी प्राकृतिक आपदा व बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा अपने अपने विभाग की आपदा प्रबंधन कार्य योजना तैयार कर प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए हरसंभव तैयारी करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित आपदा प्रबंधन संबंधी जिला स्तरीय बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा, अपर कलेक्टर श्री के.आर. बडोले एवं श्री अरविंद चौहान, अत्तिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी,एसडीएम,एसडीओपी तथा जल संसाधन, लोक निर्माण, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी मौजूद थे।



बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने नगर निगम एवं नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय से पूर्व नालों की साफ सफाई करा लें। उन्होंने सीएमएचओ को सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारी से पर्याप्त मात्रा में भंडारण करने को कहा। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान समय समय पर पानी के सेम्पल जांच हेतु लिए जाये।उन्होंने जिला स्तर पर आपदा प्रबन्धन के कंट्रोल रूम की जानकारी ली साथ ही सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि वे अपने क्षेत्र में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों के मोबाईल नम्बर, वाहनों, उपलब्ध संसाधनों की जानकारी संकलित रखें।उन्होंने कहा कि समय रहते सामुदायिक भवनों को भी चिन्हित कर लें ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग किया जा सके। सामुदायिक भवन में सभी आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें।उन्होंने एमपीईबी के अधिकारी से कहा की झूलते हुए तारों का निराकरण किया जाए।उन्होंने होमगार्ड के अधिकारी को तैराकों को तैयार करने के निर्देश दिए।उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जल भराव की स्थिति होने पर किसी को भी रपटा पार ना करने दिया जाए।उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूल जहाँ जल भराव की स्थिति निर्मित होती है वहां अस्थाई नालियों का निर्माण किया जाए।उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिए की सड़क किनारे झुके हुए वृक्षों की छटाई की जाए।

उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि जहां भी बाढ़ की स्थिति निर्मित होने की संभावना हो वहाँ ड्रॉपगेट एवं बैरिकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करें।बैठक में सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि जहां वर्षामापक यंत्र स्थापित हों उसे चेक कर लें। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री राय ने कहा कि विगत वर्षों में बाढ़ से प्रभावित ग्रामों का अभी से चिन्हांकन कर लें और वहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त कर लें।

## कलेक्टर ने मलेरिया निरोधक माह अंतर्गत जागरुकथा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**खण्डवा (निप्र)।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जून माह को मलेरिया माह के रुप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से मलेरिया निरोधक जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओ.पी.जुगतावत एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला मलेरिया अधिकारी श्री करण सिंह भूरिया ने बताया कि जागरुकता रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न ग्रामों में जाकर मलेरिया, डेंगू के बचाव व रोकथाम की जनसमूहों को जानकारी दी जायेगी, साथ ही बुखार के मरीजों की जांच भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि उपस्थित ग्रामीणजनों को मलेरिया के बचाव संबंधी पम्पलेट वितरित किए जाएँ।30 जून तक मलेरिया माह के रुप में मनाये जाने के पीछे मुख्य उद्देश्य है कि बरसात के पश्चात लम्बे अंतराल के दौरान मानवीय गतिविधियों के कारण मच्छरजन्य परिस्थितियॉ उत्पन्न हो जाती है। जून माह में बरसात का मौसम शुरु हो जाता है। बरसात पूर्व लोगों को अपने घरों व आस-पास के स्थानों में बरसात का पानी न ठहरे इसलिए गड्डे का मिट्टी से भराव करें, टूटे फुटे बर्तन, सीमेंट की टंकिया, कबाड़, टायर आदि में पानी जमा न होने देने,घर के खिड़की व दरवाजों पर उपयुक्त जाली का उपयोग करें। सप्ताह में एक बार कूलर, फूलदान ,पशु व पक्षियों के पानी के बर्तन, होदी को सुखाकर ही पानी भरे, शरीर के अंगों को भी अधिकाधिक ढक कर रखे,पूरे आस्तीन के कपड़े पहने जिससे मच्छरों से बचा जा सके, नीम की पत्तियों का धुऑं करने, मच्छरदानी का प्रयोग, लार्वा को नष्ट करने के लिए पैराथ्रम का छिडकाव अथवा पानी के गड्डों में जला हुआ आईल डाले जाने की जानकारी का संदेश दिया जावेगा, जिससे वर्षा काल में वाहक मच्छरों को पैदा होने से रोका जा सके। साथ ही लोंगो में बुखार आने पर तुरंत आशा,ए.एन.एम., कार्यकर्ता अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में रक्त की जॉच कराने व मलेरिया पाये जाने पर मलेरिया का पूर्ण उपचार लेने हेतु समझाईश दी जायेगी।

# प्रदूषण निवारण बोर्ड ने क्रेशर मशीन बंद करने का दिया आदेश

## क्रेशर से उठ रहे धुएं के कारण खेत हो रहे बंजर, नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां





**ब्यावरा।** क्रेशर से उडने वाली धूल ने धीरे धीरे आसपास के लगे खेतों की उर्वरक क्षमता को कम करना शुरू कर दिया है जिससे परेशान किसानों ने संयुक्त रूप् से एक पत्र क्षेत्रीय अधिकारी मप्र प्रदूषण निवारण बोर्ड भोपाल को लिखा है। जांच के बाद प्रदूषण बोर्ड द्वारा क्रेशर मशीन को बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं किंतु खनिज विभाग इस पर कार्यवाही करने को तैयार नहीं है। मामला खेडाी कुशलपुरा पंचायत मलावर का है, जहां पर परी स्टोन क्रेशर जिसको अनुमति न देने के लिए लखन सौंधिया एवं ग्रामवासियों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होनें आरोप लगाते हुए कहा है कि क्रेशर हमारे लिए अभिशाप बन रही है। हमारे खेतों की पैदावार क्षमता साल दर साल कम होती जा रही है जिसके कारण जमीन बंजर होने का खतरा मंडरा रहा है। आसपास लगी 24 बीधा जमीन में यही हाल है साथ ही कुए मे भी घूल जाने से उसका पानी उपयोग में नही आ रहा वहीं वह भी बंद होने की कगार पर आ गया है। ऐसे में परी क्रेशर का या तो यहां से हटाया जाए या फिर चालू करने की अनुमति न दी जाए। लखन संध्या की शिकायत पर प्रदूषण बोर्ड द्वारा जांच के उपरांत उक्त मशीन को बंद करने के आदेश खनिज विभाग को दिए हैं किंतु खनिज विभाग है की कार्रवाई करने की वजह नियमों की धज्जियां उड़ाने में लगा हुआ है। प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी के आदेश पर विभाग कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। इस संबंध में खनिज विभाग राजगढ़ के प्रभारी मुकेश सिकरवार से चर्चा करनी चाही लेकिन उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

**कलेक्टर को भी दिया आवेदन–** क्रेशर से प्रभावित जमीन के संबंध में लखन सौंधिया एवं ग्रामवासियों ने कलेक्टर डॉ गिरीश मि्श्रा को एक आवेदन पत्र देकर उक्त क्रेशर की घूल से जमीनों के बंजर होने और कुए का पानी सूखने जैसी बात कही गई है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई सुनिश्चित करता है।

**निकलने में होती है परेशानी–** वहीं ग्रामवासियों ने भी मुखर होकर कहा है कि आए दिन हमें धूल से परेशान होना पडता है और वहां से निकलते समय धूल हमारी नाक व मुंह में धुस जाती है जिसके चलते खासी व श्वास जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ गया है।

## राजकुमार मीणा ने ग्रहण किया पदभार



ब्यावरा। पंजाब नेशनल बैंक शाखा ब्यावरा में नए शाखा प्रबंधक के रूप में राजकुमार मीणा ने पदभार ग्रहण किया। नवीन पदभार ग्रहण करने वाले श्री मीणा का जनवक्ता के उप संपादक कमरुद्दीन खान द्वारा स्वागत किया गया और उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में अवगत कराया। इस मुलाकात के दौरान श्री खान ने श्री मीणा को आवश्यक जानकारी से अवगत कराते हुए उनके सहज और सरल स्वभाव की प्रशंसा की।

## कालीपीठ थाना परिसर में रोपे पौधे



ब्यावरा। पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना कालीपीठ परिसर में इंचार्ज थाना प्रभारी अरुण जाट, प्रधान आरक्षक रायसिंह दांगी, योगेश वर्मा ने स्थानीय पर्यावरण प्रेमी पिंटू वर्मा, भगवती वर्मा, अयोध्या दांगी, रामकन्या वर्मा, निर्मला नामदेव, उमराव बाई वर्मा के साथ मिलकर पौधारोपण किया जाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। साथ ही सभी ने संकल्प लिया है कि इस बरसात से ही हर साल प्रत्येक सदस्य 50-50 पौधे लगाकर पर्यावरण को हरा भरा किया जाएगा।

## एमपी पीएससी सहायक प्राध्यापक परीक्षा– 2022 पास कर गांव की बच्चियों के लिए प्रेरणा बनी सेवंती

**राजगढ़, निप्र।** कोटरी-कला की बेटी सेवंती मीणा का चयन एमपी पीएससी सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 की अंतिम सूची में भूगोल विषय से हुआ है। सेवंती ने छोटे से गांव से निकलकर ये सफलता हासिल की। वह किसान परिवार से हैं। अब वह उन माता-पिता के लिए मिसाल बन गई हैं, जो बेटियों को पढ़ने का मौका देते हैं। सेवंती ने गांव की बच्चियों को नया सपना देखने और उसे पूरा करने की प्रेरणा दी है। वह शहर में रहकर पढ़ाई करती रहीं। लक्ष्य तय किया और लगातार मेहनत से उसे हासिल किया। 5वीं तक की पढ़ाई गांव के स्कूल से की उन्होंने 5वीं तक की पढ़ाई गांव के एक निजी स्कूल से की। 12वीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय राजगढ़ से की। स्नातक भोपाल से व स्नातकोत्तर इंदौर से किया। यूजीसी नेट परीक्षा में 2022, 2023 और 2024 में लगातार सफलता पाई। पीजी के साथ ही इंदौर में रहकर एमपी पीएससी की तैयारी की। दो बार मेंस परीक्षा में शामिल हुईं। कुछ समय डीएवीवी कॉलेज में भूगोल विषय पढ़ाया।

## शाखा प्रबंधक राधेश्याम शर्मा सेवानिवृत्त, सहकर्मियों ने विदाई दी

**राजगढ़, निप्र।** मप्र ग्रामीण बैंक की राजगढ़ शाखा में कार्यरत शाखा प्रबंधक राधेश्याम शर्मा सरकारी सेवा से निवृत्त हो गए। उन्हें सफल कार्यकाल के बाद बैंक से विदाई दी गई। इस अवसर पर बैंक परिसर में समारोह आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक, जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक पीएन यादव, स्टेट बैंक प्रबंधक, नए शाखा प्रबंधक राजेश रघुवंशी मौजूद रहे। सभी ने शर्मा के कार्यकाल पर चर्चा की। समारोह में बैंक कर्मचारियों और नागरिकों ने भी भाग लिया।

## हेल्दी माइंड हेल्दी बॉडी आनंदम अभियान के तहत

**शिवपुरी (निप्र)।** आनंदम विभाग द्वारा हेल्दी माइंड हेल्दी बॉडी आनंदम अभियान के तहत आनापान सती ध्यान यानी मन की सुयोग्य सजगता का अभ्यास, माइंड इन ट्रेंनिंग फॉर राइट अवेयरनेस शिविर का आयोजन हुआ।

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एंव भू –अर्जन अधिकारी, नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ (म.प्र)

चूँकि राज्य सरकार को लोकहित मे यह अवश्यक प्रतीत होता है कि पार्वती बाँध परियोजना के भूमिगत नहर निर्माण हेतु ग्राम बरोडी तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ मे म.प्र. राज्य मेसर्स पी.ई एल– पार्वती जे.वी कम्पनी द्वारा भूमिगत पाइप लाइन , केवल एंव डक्ट बिछाई जाए ।

अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाइप लाइन , केबल एंव डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि मे, जिसमे भूमिगत पाइप लाइन , केबल एंव डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव , म.प्र. भूमिगत पाइप लाइन, केबल एंव डक्ट ( भूमि के उपयोक्ता के अधिकारो का अर्जन ) अधिनियम 2012 (क्रमांक 5 सन 2013 ) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शाक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार , उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि मे हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर भूमि के नीचे पाइप लाइन, केबल एंव डक्ट बिछाये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व )नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ म. प्र को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

–: अनुसूची :–

पार्वती परियोजना के नहर प्रणाली मे प्रभावित ग्राम बरोडी की भूमि में भूमिगम पाइप लाइन बिछाये जाने के अस्थायी अर्जन का विवरण

| सरल कमांक | जिला | तहसील | ग्राम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा हेक्टर मे | उपयोग के अधिकार के लिये अर्जित की जाने वाली भूमि (हेक्टर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 11/10 | 1.770 | 0.011 |
| | | | | 31/2/1/2 | 0.702 | 0.012 |
| 2 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 11/11 | 0.759 | 0.020 |
| 3 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 11/4/2 | 0.421 | 0.012 |
| 4 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 11/4/1/4 | 0.496 | 0.013 |
| 5 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 11/4/1/3 | 0.496 | 0.011 |
| 6 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 11/4/1/2 | 0.496 | 0.011 |
| 7 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 49 | 0.240 | 0.003 |
| 8 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 47/1 | 0.558 | 0.025 |
| 9 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 48/1/3/1 | 0.274 | 0.010 |
| | | | | 66/2/1 | 0.031 | 0.010 |
| 10 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 48/1/1 | 0.548 | 0.017 |
| 11 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 58/1/3/2 | 0.021 | 0.004 |
| | | | | 67/2 | 0.348 | 0.002 |
| 12 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 64/2/2 | 0.141 | 0.006 |
| | | | | 34/2 | 0.227 | 0.010 |
| 13 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 64/1 | 0.282 | 0.021 |
| | | | | 66/1 | 0.759 | 0.019 |
| 14 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 63/1 | 0.764 | 0.017 |
| 15 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 34/1 | 0.228 | 0.015 |
| 16 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 31/2/1/1 | 0.702 | 0.014 |
| 17 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 32/1 | 0.127 | 0.004 |
| 18 | राजगढ़. | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 30/3 | 0.274 | 0.012 |
| | | | | 29/3/2 | 0.203 | 0.003 |
| 19 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 30/2 | 0.274 | 0.006 |
| | | | | 29/2/2 | 0.253 | 0.022 |
| 20 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 29/1 | 1.434 | 0.006 |
| | | | | 29/2/1 | 0.253 | 0.018 |
| | | | | 81/1 | 0.079 | 0.014 |
| 21 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | बरोडी | 83/1 | 0.208 | 0.008 |
| | | कुल योग | | किता 31 | 13.368 | 0.359 |

भूमिगत पाइप लाइन, केबल एंव डक्ट आदि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एंव भू अर्जन अधिकारी तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ के कार्यालय मे किया जा सकता है

सुशील कुमार
अनुविभागीय अधिकारी एवं
भू–अर्जन अधिकारी
तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़

G-13844-25

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एंव भू –अर्जन अधिकारी, नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ (म.प्र)

चूँकि राज्य सरकार को लोकहित मे यह अवश्यक प्रतीत होता है कि पार्वती बाँध परियोजना के भूमिगत नहर निर्माण हेतु ग्राम प्रतापपुरा तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ मे म.प्र. राज्य मेसर्स पी.ई एल– पार्वती जे.वी कम्पनी द्वारा भूमिगत पाइप लाइन , केवल एंव डक्ट बिछाई जाए ।

अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाइप लाइन , केबल एंव डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि मे, जिसमे भूमिगत पाइप लाइन , केबल एंव डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव , म.प्र. भूमिगत पाइप लाइन, केबल एंव डक्ट (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारो का अर्जन) अधिनियम 2012 (क्रमांक 5 सन 2013 ) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शाक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार,उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि मे हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर भूमि के नीचे पाइप लाइन, केबल एंव डक्ट बिछाये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व )नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ म. प्र को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

–: अनुसूची :–

पार्वती परियोजना के नहर प्रणाली मे प्रभावित ग्राम प्रतापपुरा की भूमि में भूमिगम पाइप लाइन बिछाये जाने के अस्थायी अर्जन का विवरण

| सरल कमांक | जिला | तहसील | ग्राम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा हेक्टर मे | उपयोग के अधिकार के लिये अर्जित की जाने वाली भूमि (हेक्टर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | प्रतापपुरा | 71/3/3/2 | 1.063 | 0.037 |
| 2 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | प्रतापपुरा | 71/3/3/1 | 1.062 | 0.014 |
| 3 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | प्रतापपुरा | 71/3/2/2 | 0.885 | 0.018 |
| 4 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | प्रतापपुरा | 71/3/2/1 | 0.885 | 0.018 |
| 5 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | प्रतापपुरा | 71/3/1 | 0.506 | 0.037 |
| 6 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | प्रतापपुरा | 71/2 | 1.265 | 0.031 |
| 7 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | प्रतापपुरा | 71/1 | 1.265 | 0.035 |
| 8 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | प्रतापपुरा | 67/1 | 0.759 | 0.031 |
| | | | | 66/1 | 0.253 | 0.012 |
| 9 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | प्रतापपुरा | 66/2 | 0.493 | 0.031 |
| | | | कुल योग | किता 10 | 8.436 | 0.264 |

भूमिगत पाइप लाइन, केबल एंव डक्ट आदि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एंव भू अर्जन अधिकारी तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ के कार्यालय मे किया जा सकता है

सुशील कुमार
अनुविभागीय अधिकारी एंव
भू–अर्जन अधिकारी
तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़

G-13845-25

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एंव भू –अर्जन अधिकारी, नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ (म.प्र)

चूँकि राज्य सरकार को लोकहित मे यह अवश्यक प्रतीत होता है कि पार्वती बाँध परियोजना के भूमिगत नहर निर्माण हेतु ग्राम मीरूखेडी तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ मे म.प्र. राज्य मेसर्स पी.ई एल– पार्वती जे.वी कम्पनी द्वारा भूमिगत पाइप लाइन , केवल एंव डक्ट बिछाई जाए ।

अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाइप लाइन , केबल एंव डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि मे, जिसमे भूमिगत पाइप लाइन , केबल एंव डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव , म.प्र. भूमिगत पाइप लाइन, केबल एंव डक्ट ( भूमि के उपयोक्ता के अधिकारो का अर्जन ) अधिनियम 2012 (क्रमांक 5 सन 2013 ) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शाक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार , उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि मे हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर भूमि के नीचे पाइप लाइन, केबल एंव डक्ट बिछाये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व )नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ म. प्र को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

–: अनुसूची :–

पार्वती परियोजना के नहर प्रणाली मे प्रभावित ग्राम मीरूखेडी की भूमि में भूमिगम पाइप लाइन बिछाये जाने के अस्थायी अर्जन का विवरण

| सरल कमांक | जिला | तहसील | ग्राम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा हेक्टर मे | उपयोग के अधिकार के लिये अर्जित की जाने वाली भूमि (हेक्टर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 155/2/2 | 0.205 | 0.006 |
| 2 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 154 | 1.037 | 0.014 |
| 3 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 166 | 2.655 | 0.032 |
| 4 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 165/1 | 1.265 | 0.031 |
| 5 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 165/2 | 0.821 | 0.024 |
| | | | | 172 | 0.025 | 0.002 |
| | | | | 171/1 | 0.564 | 0.013 |
| | | | | 170/2 | 0.100 | 0.014 |
| 6 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 164/2 | 0.354 | 0.010 |
| 7 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 171/2 | 1.219 | 0.035 |
| 8 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 205/1 | 0.883 | 0.020 |
| 9 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 202/1/2 | 0.139 | 0.005 |
| 10 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 205/3 | 0.715 | 0.012 |
| 11 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 192/2 | 0.171 | 0.005 |
| 12 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 205/4 | 0.715 | 0.010 |
| | | | | 204/2/1 | 0.506 | 0.020 |
| | | | | 202/1/1 | 0.322 | 0.014 |
| 13 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 204/2/2 | 0.506 | 0.015 |
| 14 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 190 | 0.822 | 0.005 |
| | | | | 192/1 | 0.525 | 0.011 |
| 15 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 185/1 | 1.568 | 0.017 |
| | | | | 197/1 | 0.916 | 0.031 |
| 16 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 185/2 | 0.841 | 0.007 |
| 17 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 185/3 | 0.841 | 0.029 |
| 18 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़ | मीरूखेडी | 194/1 | 1.208 | 0.032 |
| | | | | 194/2 | 1.207 | 0.026 |
| | | | | 193/2 | 0.253 | 0.004 |
| | | कुल योग | | किता 27 | 19.787 | 0.444 |

भूमिमत पाइप लाइन, केबल एंव डक्ट आदि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एंव भू अर्जन अधिकारी तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ के कार्यालय मे किया जा सकता है

सुशील कुमार
अनुविभागीय अधिकारी एवं
भू–अर्जन अधिकारी
तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़

G-13872-25

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरूण कुमार पटेल द्वारा अरुण ऑफसेट प्रिंटर्स, द मॉल शॉपिंग काम्प्लेक्स, कोलार रोड भोपाल से मुद्रित कराकर आनंद विद्या भारती स्कूल के सामने सिराज उद्दीन खान म.नं. 5 जिला राजगढ़ से प्रकाशित। **संपादकः** अरुण कुमार पटेल, **स्थानीय संपादकः इफ्तेखार उद्दीन खान,** मो. 9977442619 उप संपादक : कमरुद्दीन खॉन मो. 9425442435( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र राजगढ़ होगा।)